My School FACT SHEET

January 2010

माई स्कूल के बारे में

HINDI

माई स्कूल वेबसाईट लगभग 10,000 आस्ट्रेलियन विद्यालयों के बारे में जानकारी देती है जो विद्यालय की भौगोलिक स्थिति, क्षेत्र, अथवा नाम के आधार पर ढूँढी जा सकती है। यह वेबसाईट आँकड़ों और प्रासंगिक जानकारी के अलावा नेप्लान (www.naplan.edu.au) परिणामों को भी दर्शाती है जिनकी आँस्ट्रेलिया भर के सांख्यिकीय रुप से मिलते–जुलते विद्यालयों से तुलना की जा सकती है।

यह जानकारी 28 जनवरी 2010 को प्रकाशित की जाएगी।

हर विद्यालय की जानकारी का एक अलग पृष्ठ होगा जिसमें शामिल होंगे:

- विद्यालय का संक्षिप्त विवरण
- विद्यार्थियों की संख्या
- अध्यापकों की संख्या
- उपस्थिति (हाजिरी की) दर
- उच्चतर माध्यिमक कक्षाओं का परीक्षाफल
- विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि के आँकड़े
- विद्यालय का इंडेक्स आॅफ़ कम्युनिटी सोशियो एजुकेशनल एडवांटेज (आई सी एस ई ए)
- विद्यालय की वेबसाईट और यदि लागू हो तो विद्यालय के नियंत्रण निकाय की वेबसाईट का लिंक
- विद्यालय के नेप्लान परिणाम और उनकी राष्ट्रीय औसत से और सांख्यिकीय रुप से मिलते–जुलते विद्यालयों की औसत से तुलना।

अन्य पृष्ठ दर्शायेंगे:

- नेप्लान परीक्षाओं में हर बैंड प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत और उसी बैंड में विद्यार्थियों की राष्ट्रीय औसत और सांख्यिकीय रुप से मिलते–जुलते विद्यालयों की औसत
- विद्यालय के नेप्लान परिणामों की सांख्यिकीय रुप से मिलते–जुलते 60 तक अन्य विद्यालयों के परिणाम
- चुने गए विद्यालय के आस–पास के 20 विद्यालयों तक की सूची

माई स्कूल आपको यह सुविधाएं प्रदान करेगा:

- राष्ट्रीय स्तर पर संगत सकेतकों का इस्तेमाल करते हुए विद्यालय की रुपरेखा का चित्रण
- किसी विद्यालय के परिणामों की आँस्ट्रेलिया के सभी विद्यालयों के औसत परिणामों और आँस्ट्रेलिया भर के सांख्यिकीय रुप से मिलते–जुलते विद्यालयों के औसत परिणामों से तुलना
- चुने गए विद्यालय के आस–पास के विद्यालयों को ढूँढना और उनकी रुपरेखा के लिए हाईपर लिंक
- बेहतर परिणामों वाले विद्यालयों को पहचानना और उनके बारे में जानकारी प्राप्त करना।